कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 22.01.2022

गर्ल्स कॉलेज में
रसायन में पेंटेंट मिला

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्नातकोत्तर रसायनशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. आरती गुप्ता के उच्च श्रेणी के शोध कार्य के अंतर्गत समुद्री सिवार के निष्कर्षण पर पेंटेंट स्वीकृत हुआ है।

जानकारी देते हुए डॉ. आरती गुप्ता ने बताया कि सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. विष्णु किरण मनाम (तमिलनाडु) के निर्देशन में समुद्री सिवार पर शोध कार्य से वे जुड़ी है। उनके कई शोधपत्र अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए है। इस क्रम में समुद्री सिवार निष्कर्षण विधि को पेंटेंट मिला है जो कि उल्लेखनीय है।

समुद्री सिवार निष्कर्षण महत्वपूर्ण विधि है जो कि समुद्री सिवार के पोषक तत्वों, फाइटो केमिकल निकालने के काम आती है। इससे प्राप्त रसायन विभिन्न रोगों के ईलाज के लिए उपयोगी है।

डॉ. गुप्ता ने जानकारी दी की समुद्री रसायन में एक 12 सदस्यीय टीम शोधकार्य कर रही है। जिसका वे एक सदस्य है जो उनके लिए गौरव की बात है। महाविद्यालय के शोधकार्य की दिशा में पेटेंट मिलना एक उपलब्धी है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी एवं प्राध्यापकों ने डॉ. आरती गुप्ता को बधाई दी है।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)